रेलवे श्रमिकों के हितों को लेकर संकल्पबद्ध है केन्द्र सरकार : मेघवाल

- भारतीय रेलवे मजदूर संघ का 21 वां त्रैवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न
- मेघवाल ने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये प्रतिनिधि बीकानेर की समृद्ध संस्कृति से परिचित हो सकेंगे

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार रेलवे श्रमिकों के हितों को लेकर कृत संकल्प है।

मेघवाल रविवार को नोखा रोड स्थित आशीर्वाद भवन में भारतीय रेलवे मजदूर संघ के 21वें त्रैवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मेघवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आठवें वित्त आयोग का गठन कर दिया गया है तथा आयकर छूट की सीमा में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। पेंशन की सीमा 50 प्रतिशत करने की संघ की मांग पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा इसका हल भी सकारात्मक निकल जायेगा। मेघवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पहली बार नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी लाई गई है। केन्द्र सरकार द्वारा अंग्रेजों के पुराने कानूनों में संशोधन करते हुए इन्हें सरल रूप पेश करते हुए लागू कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के कानून भारतीयों को दंड दिलाने के लिए बने थे। वहीं वर्तमान कानून देशवासियों को न्याय दिला रहे हैं। मेघवाल ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने संविधान निर्माण कर देश को एक सूत्र में बांधा। वित्त आयोग के गठन में भी उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मेघवाल ने कहा कि राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने भारतीय मजदूर संघ का गठन किया। यह देशहित में काम करने वाला संगठन है। मेघवाल ने भारतीय मजदूर रेलवे संघ के त्रैवार्षिक अधिवेशन के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी और कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये प्रतिनिधि बीकानेर की समृद्ध संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा श्रमिकों से जुड़ी विभिन्न मांगें रखी।

बीकानेर में भारतीय रेलवे मजदूर संघ के त्रैवार्षिक अधिवेशन को केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया।

भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार ने आभार जताया। इस दौरान अजय कुमार त्रिपाठी, विनय कुमार झा, हनुमान प्रसाद, सुनील कुमार शादी सहित अनेक संघ से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा गंगाशहर मंडल कार्यालय में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल पहुंचे जहां शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़, जिला महामंत्री मोहन सुराणा, मंडल अध्यक्ष प्रकाश मेघवाल के साथ भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब अम्बेडकर का चित्र भेंट कर पार्टी का दुप्पटा पहनाकर मेघवाल का स्वागत किया। मेघवाल ने इस अवसर पर कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हमेशा सोच रही है महिलाओं को सशक्त बनाने और राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा मौका मिलना चाहिए। इस लिए केन्द्र से प्रदेश ओर अब जिलों में ओर मंडल स्तर तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया है। इसका उदाहरण है बीकानेर शहर को पहली महिला जिलाध्यक्ष मिली है। सुमन छाजेड़ ने मेघवाल का आभार जताते हुए कहा जिस प्रकार पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है। हम सब कार्यकर्ताओं के सहयोग से पार्टी की रीति नीति और देश हित में कार्य करेंगे।

महामंत्री मोहन सुराणा ने कहा हमारे लिए गर्व की बात है कि मेघवाल भी हमारे मंडल के कार्यकर्ता है। हर दिन जनसुनवाई के माध्यम से कार्यालय में जनहित के कार्य किए जायेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता सत्यप्रकाश आचार्य, बंशीलाल तंवर, सम्पत पारीक, नारायण चौपड़ा, गुमान सिंह राजपुरोहित, मनीष सोनी, बनवारी लाल शर्मा, राजाराम विश्नोई, जेठमल नहाटा, प्रदीप निर्वाण, भंवर साहू, रामदयाल उपाध्याय, विक्रम भाटी, सुखराम दावा आदि मौजूद थे।

स्कूल जाने के डर से खेतों में छिपा बालक, पुलिस की परेड़

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के गजसिंहपुर पुलिस थाना क्षेत्र से एक 7 वर्षीय बालक के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी सीर कौर ने तत्काल पुलिस जाब्ते के साथ घटनास्थल की ओर रवाना हुई। इसके साथ ही उच्च अधिकारियों को भी इस अपहरण की सूचना दी गई। हरकत में आई पुलिस ने पूरे जिले में नाकाबंदी कर दी।

पुलिस के सघन तलाशी अभियान में एएसपी भंवरलाल, सीओ करणपुर संजीव चौहान, रायसिंहनगर के सत्यनारायण गोदारा, एसएचओ पदमपुर पृथ्वीराज बिश्नोई सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और जवानों ने जिलेभर में हर संदिग्ध स्थान की तलाशी ली। यह मामला उस समय सामने आया जब गांव 46 आरबी से एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि गांव के 7 वर्षीय बालक गौतम का अपहरण कर लिया गया है। इसके बाद पुलिस ने सघन जांच शुरू की। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने बालक को गांव के पास एक खेत में छिपा हुआ पाया।

पुलिस ने पाया कि बालक स्कूल जाने के डर से खेतों में छिपा था और उसका कोई अपहरण नहीं हुआ था। बालक की बहन और पिता ने आशंका जताई थी कि उसे बाइक सवार व्यक्ति उठा ले गए हैं, लेकिन बालक खेत में फसल के बीच छिपा हुआ था।

सार-समाचार

रंगा की स्मृति में रक्तदान शिविर

लक्ष्मीनारायण रंगा की स्मृति में रक्तदान शिविर में डॉ. बी. डी. कल्ला ने रक्तदाताओं की होंसला अफजाई की।

बीकानेर, (कासं)। देश के ख्यातनाम साहित्यकार, चिंतक, रंगकर्मी एवं शिक्षाविद कीर्तिशेष लक्ष्मीनारायण रंगा की दूसरी पुण्यतिथि पर प्रज्ञालय संस्थान एवं कमला देवी-लक्ष्मीनारायण रंगा ट्रस्ट द्वारा आयोजित चार दिवसीय 'सृजन सौरम-हमारे बाऊजी' समारोह के तीसरे दिन लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन-सदन में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्व. रंगा की स्मृति में विशाल रक्तदान का आयोजन किया गया। स्व. रंगा को समर्पित चार दिवसीय समारोह के तीसरे दिन रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने कहा कि स्व. लक्ष्मीनारायण रंगा की स्मृति में सैकड़ों लोगों द्वारा रक्तदान देना अपने आपमें एक मानवीय परोपकार का अनुष्ठान है। रक्तदान महादान के माध्यम से किसी भी व्यक्ति एवं रोगी की सहायता रक्तदान मानव कल्याणकारी पुनीत कार्य है। डॉ. कल्ला ने आगे कहा कि स्व. रंगा बीकानेर ही नहीं देश के साहित्य आकाश के गौरव थे। उन्होंने साहित्य की विभिन्न विधाओं में 175 पुस्तकों का सृजन कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। साथ ही उनकी बहुआयामी प्रतिभा से समाज हमेशा लाभान्वित रहा है। ऐसे विराट व्यक्तित्व की स्मृति में रक्तदान शिविर लगाना उन्हें वास्तविक श्रद्धांजलि होगी। स्व. रंगा की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर के लिए पूर्व शिक्षा मंत्री बी. डी. कल्ला बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानन्द व्यास, देश के ख्यातनाम यू-ट्यूबर जोधपुर के प्रतीक मूथा, प्रसिद्ध चित्रकार मेघा हर्ष आदि ने आमजन को रक्तदान महादान करने के लिए प्रेरित किया।

मेहंदी प्रतियोगिता में ममता प्रथम

जन शिक्षण संस्थान बीकानेर द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में मेहंदी प्रतियोगिता में महिलाओं ने भाग लिया।

बीकानेर, (कासं)। समाज में जब महिलाओं की सक्रियता बढ़ेगी तब ही वें वास्तविक रूप में सशक्त होंगी और शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सहकार महिला सशक्तिकरण के प्रमुख आधार है। यह उद्बोधन शिक्षाविद बीकानेर प्रौढ़ शिक्षण समिति की सचिव सुशीला ओझा ने जन शिक्षण संस्थान बीकानेर द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में अभिव्यक्त किये। उन्होंने कहा कि महिला विकास में कौशल विकास से आर्थिक विकास की नई दिशाएं जुड़ गई है। एक समय था जब महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। मुख्य अतिथि उप तहसीलदार सुरेन्द्र पाल ने कहा कि महिलाएं अब पुरूषों से कहीं भी कम नहीं है। वर्तमान समय में महिलाएं आगे बढ़ रही है और अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जन शिक्षण संस्थान बीकानेर के अध्यक्ष एडवोकेट गिरिराज मोहता ने कहा कि महिलाओं की कार्य विशेषता और उनके जज्बे का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रबंध मंडल की सदस्य डॉ दीपाली धवन ने कहा कि तकनीकी युग में महिलाओं को आगे बढ़ने में आसानी हो रही है, वहीं महिलाएं अपने काम के माध्यम से पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर चलने लगी है। संस्थान के निदेशक ओमप्रकाश सुथार ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं का अपनी पहचान बनाना है। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ममता, दूसरा स्थान कुसुम, तीसरा स्थान पूजा, चौथा किरण और पांचवा स्थान निर्मल को मिला। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में पहला स्थान हिमांशी, दूसरा निशा, तीसरा किरण, चौथा ज्योति और पांचवा शीतल के समूह को मिला। कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी उमाशंकर आचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

नंदीशाला में फाग महोत्सव

नोखा, (कासं)। निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा आयोजित फाग महोत्सव में भक्ति, संगीत और रंगों की अनूठी छटा देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत नंदीशाला स्थित शिवालय में हुई, जहां भगवान भोलेनाथ, नंदी भगवान और लड्डूगोपाल जी को रंग-गुलाल और पुष्प अर्पित किए गए। समिति के अंकित तोषनीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में भामाशाह ओमप्रकाश गट्टाणी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विलुप्त होती सांस्कृतिक परंपराओं को संजोने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में विमला बाई एंड पार्टी, माहेश्वरी महिला मंडल, परिक महिला मंडल और वीरा केंद्र की महिलाओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। होली टोली ग्रुप, फाग मस्ताना ग्रुप और सुरीले ग्रुप के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्थानीय कलाकार घनश्याम बिश्नोई ने आजा मेरे दिलदार... गीत प्रस्तुत किया। श्याम भट्टड़ ने मैं थाने पूछा म्हारा नवल बन्ना..., जबकि भीकमचंद तापडिया ने चांद चढ़यो गिगनार.. जैसे पारंपरिक गीत गाए। पार्षद संतोष देवी झंवर ने सभी महिला प्रतिभागियों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। चमत्कारी हनुमानजी सत्संग महिला मंडल ने नंदी सेवा के लिए 11,000 रुपये का दान दिया।

'जय बापू जय संविधान' अभियान

श्रीगंगानगर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी चिरंजीव राव रविवार को एक दिवसीय दौरे पर श्रीगंगानगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित किए जाने वाले 'जय बापू- जय संविधान' कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। चिरंजीव राव ने बताया कि 'जय बापू-जय संविधान' कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान और महात्मा गांधी के योगदान को सम्मानित करना है। कांग्रेस पार्टी इस कार्यक्रम के तहत ब्लॉक और ग्रामीण स्तर पर पदयात्राओं का आयोजन करेगी, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भाग लेंगे। यह पदयात्राएं भारतीय संविधान की महत्ता और गांधीजी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित की जा रही हैं। साथ ही इस कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त करेगी। चिरंजीव राव ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा सरकार भारतीय संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ कर रही है और इसके जरिए अपने राजनीतिक लाभ की कोशिशें कर रही है। कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।

नगर निगम के ठेकों में खुल रही हैं गड़बड़ी की परतें !

- श्वानों की नसबंदी व मृत पशु उठाने के ठेके में चल रहे कमीशनखोरी के खेल का खुलासा

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम के बड़े ठेकों में हो रहे थे खेल। अब धीरे धीरे खुल रही हैं गड़बड़ी की परतें। सीवरेज, जेसीबी, आवारा पशु और मृत पशुओं के ठेकों के पुराने रेट और नई दर देखकर यूं लगा मानो पूरे सिस्टम ने मिलकर निगम की संपत्ति को जमकर लूटा है।

अब आईएएस अधिकारी कमिश्नर बना और कलेक्टर प्रशासक है तो सभी टेंडरों के रेट कम हो गए हैं। कुछ की दर तो आधी रह गई है। मृत पशु उठाने के ठेके में चल रहे खेल को भांप लिया। जो कमाई निगम को पहले सिर्फ 5 लाख की हो रही थी, अब उसमें 85 लाख की होगी। पिछले साल तक जिन टेंडरों से निगम की कमाई रुक गई थी वहां कमाई 16 गुना बढ़ गई। ऊंची दरों पर किए जा रहे टेंडर अब वही काम कम दामों में होंगे। हाल ही में हुए नए टेंडर की दरों का अध्ययन किया और पिछली दरों से मिलान किया तो यूं लगा मानो पूरा सिस्टम ही निगम को लूटने में जुटा था। मनमर्जी की रेट से टेंडर दिए जा रहे थे। जो लोग पहले अधिक कीमतों में काम कर रहे थे अब कम दामों में करने के लिए तैयार हैं।

सूत्र बताते हैं कि उच्च स्तर पर होने वाली कमीशन खोरी पर लगाम लग गई है। आयुक्त ने आते ही कमीशनखोरी पर कार्मिकों को हिदायत दी थी कि ये सब बंद करें वरना एक्शन होगा। उसका असर अब नजर आ रहा है। पुराने सिस्टम ने 4 सालों में श्वानों के बधियाकरण की दरें दो गुनी से ज्यादा कर दी थी।

अप्रैल 2021 से जुलाई 2021 तक प्रति श्वान 648 रूपए की दर से मौजूदा फर्म ने श्वानों की नसबंदी की थी। नया टेंडर अक्टूबर 2021 में हुआ। तब प्रति श्वान दर 990 रूपए हो गई। यानी सिर्फ दो महीने में 342 रूपए रेट बढ गए वो भी प्रति श्वान।

पिछले साल जो श्वानों का टेंडर हुआ उसने तो सारे ही रिकार्ड तोड़ दिए। अब 1300 रूपए प्रति श्वान बधियाकरण की दर हो गई। यानी तय है कि अगर यही टेंडर अब होता तो निगम वापस इसे 600 से 700 रूपए के बीच ही लाता वरना शर्तों में शिथिलता देते हुए दूसरी फर्मों को मौका मिलता। ये टेंडर अब निगम के गले की फांस बना हुआ है। क्योंकि जितने भी टेंडर हुए सबके रेट कम हुए सिर्फ श्वान पकड़ने की दरें दोगुनी हैं। सबसे बड़ा खेल मृत पशु ठेके में सामने आया। पिछली बार सिर्फ 5 लाख रूपए में नगर निगम ने मृत पशु का ठेका दिया था। लेकिन इस बार वही ठेका 85 लाख रूपए में हुआ। यानी पिछली बार से 80 लाख रूपए ज्यादा निगम को कमाई होगी। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि निगम में अब कितना बड़ा खेल चल रहा था।

दुष्कर्मी को 20 साल की कैद

श्रीगंगानगर, (कासं)। एक किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी युवक को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। यह फैसला पोक्सो मामलों की विशेष कोर्ट संख्या 2 के न्यायाधीश ने सुनाया। दोषी ठहराये गए युवक पर 1 लाख 20 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया गया है।

न्यायालय के एसपीपी हरवीर सिंह बराड़ ने बताया कि सिरसा के कोटली गांव के निवासी 23 वर्षीय हरनाम सिंह पुत्र छिंद्र सिंह को सजा सुनाई गई है। एसपीपी ने बताया कि यह मामला 17 वर्षीय किशोरी की मां ने सूरतगढ़ सिटी थाना में 3 मार्च 2023 को दर्ज करवाया था। परिवादी ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 27 फरवरी 2023 को घर से एक तोला सोने के टॉप्स और 25,000 रूपए लेकर लापता हो गई। परिवादिया ने बताया कि उसकी बेटी को सिरसा जिले के कोटली गांव निवासी हरनाम, गणेश व अज्ञात वाहन में बैठाकर ले गए। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी हरनाम सिंह पीड़िता के परिवार शादी के दौरान मिला था और मोबाइल फोन पर बात करने लगा था।

डिग्गी की छत गिरने से तीन जने घायल

- डिग्गी की सफाई करने के दौरान हुआ हादसा, पिता और दो बेटी गिरने से घायल
- खाजूवाला क्षेत्र के चक 11 केवाईडी ढाणी में हुआ हादसा

बीकानेर, (कासं)। खाजूवाला क्षेत्र के चक 11 केवाईडी ढाणी में घर में बनी डिग्गी की छत गिरने से तीन जने घायल हो गए। घायलों में एक युवक उसकी बहन और एक बेटी भी शामिल है।

घटना उस समय हुई जब बच्चे डिग्गी की साफ-सफाई कर रहे थे और अचानक छत टूट गई। घायल तीनों बच्चों को बीकानेर पीबीएम अस्पताल के लिए रैफर किया गया है। पुलिस के अनुसार घटना रविवार सुबह की है। जब तीनों सफाई कर रहे थे तो अचानक डिग्गी की छत गिर गई। युवक व बच्चे भी डिग्गी में जा गिरे। आसपास के लोगों को पता चला तो सभी को बाहर निकाला। इसमें 27 साल के ओमप्रकाश, उसकी बहन पूजा (16) और बेटी राधिका (4) घायल हुए है। बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए खाजूवाला अस्पताल लाया गया लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बीकानेर रैफर कर दिया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही थाना अधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत और ए.एस.आई. श्रवण कुमार मौके पर पहुंचे और बच्चों का इलाज सुनिश्चित किया। इस घटना की जानकारी के बाद स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की है।

अफीम तस्कर गिरफ्तार : श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर में पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में कार्रवाई की है। मुकलावा पुलिस ने नशा सौदागर दंपती के बैंक खातों को फ्रीज करवा दिया है। इससे पहले पुलिस ने आरोपी दंपती के बैंक खातों में नशे की बिक्री से जुड़े लेनदेन की जांच की। मुकलावा थानाधिकारी के नेतृत्व में आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

नोखा में महज 4 घंटे में चार जगह लगी आग

- आग की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया

नोखा, (कासं)। चरकड़ा गांव में अलग-अलग चार स्थानों पर आग लगने से हड़कम्प मच गया। आग की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। नगर पालिका की दमकल और ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

पहली आग दोपहर एक बजे नारायण सिंह के घर की बाड़ में लगी। ग्रामीणों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया और उसे काबू में भी कर लिया। इससे पहले कि लोग राहत महसूस कर पाते, दूसरी आग दुलाराम मेघवाल के बाड़े में लग गई जहां पशु चारा जलकर राख हो गया। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाकर वापस लौटी। लेकिन ढाई बजे फिर से भंवर सिंह के घर की कच्ची-पक्की छत में आग लग गई। इस आग से छत पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई और दमकल को दोबारा बुलाना पड़ा। इसके बाद चौथी आग शाम चार बजे मानाराम दर्जी के घर की बाड़ में लगी। इस बार ग्रामीणों ने टैंकरों से पानी डालकर आग पर काबू पाया। पूर्व सरपंच सवाई सिंह ने बताया कि गांव में लगातार आग लगने की घटनाओं को लेकर लोग भयभीत हैं और अलग-अलग आशंका जता रहे हैं।

वृद्धजन भ्रमण पथ पर की सफाई

बीकानेर, (कासं)। रविवार सुबह 7.00 बजे टीम ऑवर फॉर नेशन ने वृद्धजन भ्रमण पथ पर श्रमदान कर वहां एकत्रित कचरा ट्रेक्टर ट्रॉली में भरकर डंपिंग यार्ड भेजा गया।

भ्रमण पथ पर सुबह भ्रमण पर आये लोगों ने भी टीम का साथ दिया। बीजेपी नेता सुरेन्द्र सिंह भी अपनी मित्र मंडली के साथ टीम के इस पुण्य काम में भागीदार बनें। वहां भ्रमण कर रहे कुछ लोगों ने तो टीम ऑवर फॉर नेशन के लिए नाश्ता मंगवा लिया। लेकिन टीम ने बड़ी ही शालीनता से अपने नियमों का हवाला देते हुए नाश्ता के लिए क्षमा मांगी और प्यार के लिए धन्यवाद दिया। सीए सुधीश शर्मा ने बताया कि अगले रविवार भ्रमण पथ पर ही अभियान चलता रहेगा।

नशा तस्करी की सूचना देने वाले पर जानलेवा हमला

- मारपीट कर आंख फोडी, बंधक बना नकदी और जेवर लूटे

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले के श्रीकरणपुर में नशा तस्करी की सूचना देने वाले व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया। आरोपियों ने पीड़ित की मां को बंधक बनाकर लूटपाट भी की।

इस मामले से आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने श्रीकरणपुर थाने में बड़ी संख्या में महिलाओं सहित पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे नागरिकों ने पुलिस को आरोपियों को तुरंत पकड़ कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई है। वहीं पुलिस ने इसे पड़ौसियों को आपसी विवाद बताया है। घटना श्रीकरणपुर के वार्ड 9 की है।

पीड़ित राजकिरन सुहावा ने बताया कि उन्होंने 7 मार्च को सुबह हेरोइन और नशा तस्करों की जानकारी अमित और लक्की धवन को दी थी। यह जानकारी डीएसपी संजीव चौहान को भेजी गई। रात करीब 1 बजे कुछ युवकों ने राजकिरन के घर का दरवाजा खटखटाया। जब राजकिरन और उनकी मां ईश्वर देवी ने दरवाजा खोला तो दो युवकों ने हथियार दिखाकर मां को एक कमरे में बंद कर दिया। आकाश, सुनील मावर, मुकेश मावर उर्फ मुखिया और अन्य आरोपियों ने राजकिरन पर धारदार हथियारों और कांच की बोतलों से हमला किया। मुकेश उर्फ मुखिया ने राजकिरन की बाई आंख फोड़ दी। हमले में पीड़ित की पीठ और सिर पर गंभीर चोटें आने से टांके लगाये गए।

राजकिरन के कानों से आरोपी सोने की बालियां और जेब से 1700 रूपए लूटकर ले गए। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने नशा तस्करों की सूचना उनको पहुंचा दी, जिसके बाद यह हमला हुआ। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। श्रीकरणपुर थानाधिकारी रामप्रताप वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर गई थी तो प्रारंभिक तौर पड़ौसियों का आपसी झगड़ा होना सामने आया था। थाने में इन्होंने किसी नशा तस्करों की सूचना नहीं दी थी।

कलेक्टर ने चंग पर लगाई थाप, पुष्पों की होली खेलकर दी बधाई

- राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम

बीकानेर, (कासं)। राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ द्वारा रविवार को रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र स्थित रिद्धि सिद्धि भवन में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में चंग पर धमाल, फूलों की होली, मोर चंग आदि की प्रस्तुतियां दी गई। बसन्त ओझा ने नाक से बांसुरी बजाकर आमजन का मन मोह लिया। योगेश व्यास के नेतृत्व में लोक गीतों और नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गई। जिला कलेक्टर ने भी होली धमाल का लुत्फ उठाया। चंग पर थाप लगाई और पुष्पों की होली खेलकर कार्मिकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन की भागदौड़ के बीच ऐसे पल निकलना आवश्यक है। इस दौरान महिला कार्मिकों ने भी लोक गीतों पर नृत्य किया। राजस्व परिवार के सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान भी इस दौरान किया गया। राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अशोक गौड़ ने स्वागत उद्बोधन दिया। संरक्षक मनीष शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। लीलाधर बोहरा ने कहा कि बीकानेर के लोक कलाकारों ने शहर को विशेष पहचान दिलाई है। शिव कुमार व्यास ने बीकानेर की रम्मत परम्परा के बारे में बताया। मनोज व्यास ने कहा कि देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से लोग बीकानेर की होली देखने आते हैं। महावीर स्वामी ने आगंतुकों का आभार जताया। मनीष जोशी और शिव कुमार पुरोहित की अगुवाई में कार्मिकों ने लोक नृत्य में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन पी. कुमार और जगदीश किराडू ने किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रामावतार कुमावत, एडीएम सिटी रमेश देव, राजस्व अपील अधिकारी उम्मेद सिंह रतनू, आर.ए.एस. सुमन शर्मा, शारदा चौधरी, सबीना बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के होली मिलन समारोह में बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने चंग पर थाप लगाकर धमाल का आनंद लिया।

श्याम बाबा की पैदल यात्रा

बीकानेर, (कासं)। श्रीश्याम फाग कमेटी की ओर से श्याम पैदल यात्रा निकाली गई। गुजरों के मोहल्ले से बालाजी महाराज और बाबा श्याम के जयकारों के साथ शुरू हुई इस यात्रा में हाथों में श्याम बाबा के निशान लिए श्रद्धालु शामिल हुए।

आयोजन से जुड़े नवरतन पारीक ने बताया कि यात्रा जेल रोड, कोटगेट, केईएम रोड, पब्लिक पार्क, म्यूजियम सर्किल, सांगलापुरा, हल्दीरामजी की प्याऊ होते हुए बाबा श्याम मंदिर तक पहुंची। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा करके यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस बार बच्चों की परीक्षा को देखते हुए यात्रा में डीजे को शामिल नहीं किया गया। यात्रा में भक्तों ने हारे के सहारे की जय हो, तीन बाण धारी की जय हो सरीखे जयकारों से पूरो मौहाल श्याममय बना दिया। बाबा श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं ने पुष्प, इत्र चढ़ाकर बाबा श्याम के धमाल गाए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 'जोर म्हारो चाले हीरा मोतिया से नजर उतार दूं.. पर झूम उठे।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 9.3.2025
श्री मनीष गुप्ता एवं श्री तनीष गुप्ता पिसरान श्री रमेश कुमार निवासी सी-384, राजेन्द्र प्रसाद कॉलोनी, जैसलमेर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार माप 293.33 वर्गगज का आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	पट्टे का विवरण	भूमि का विवरण	भूमि का क्षेत्रफल
श्रीगंगानगर	पटव संख्या 1112 दिनांक 8.1.1991 को श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार मु.आ. श्री अशोक कुमार पुत्र श्री सत्यप्रकाश के नाम जारी है।	चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 17 के किला नं. 15 भू.सं. 36	माप 293.33 वर्गगज

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 660 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर व मोहर के अधीन आज जारी की गयी। Rajkaj Ref. No. 12993847 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर